प्रेस नोट थाना हसनपुर जनपद अमरोहा

दिनांक 05.10.2024

***अमरोहा ~ युवक को 1 लाख 90 हजार चोरी होने की झूठी सूचना देना पड़ा महंगा*,**
***उधारी के रुपए देने से बचने के लिए दी थी चोरी की झूठी सूचना*,**
***थाना हसनपुर पुलिस द्वारा किया गया घटना का खुलासा, वादी/अभियुक्त के विरुद् की जा रही वैधानिक कार्यवाही*-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अमरोहा कुँवर अनुपम सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद अमरोहा में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्री राजीव कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के नेतृत्व एवं श्री क्षेत्राधिकारी हसनपुर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनाँक 05.10.2024 को थाना हसनपुर पुलिस द्वारा चोरी की फर्जी घटना का अनावरण किया गया व झूठी सूचना देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त घटना के अनावरण में सीसीटीवी कैमरों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस द्वारा विभिन्न जगहों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गयी। फुटेज को गहनता से जांचा परखा गया। सीसीटीवी कैमरा के फीड के अवलोकन से पाया कि घटना संदिग्ध है जिससे वादी पर फर्जी घटना दर्शाने का शक हुआ। सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर की सूचना पर चोरी की फर्जी घटना दर्शाने वाले वादी/अभियुक्त अमर पाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम लुहारी खादर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को हिरासत पुलिस में लेकर पूछताछ की गयी तो अभियोग के वादी अमरपाल पुत्र जयपाल निवासी ग्राम लुहारी खादर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा ने बताया गया कि उसने एक फ्रोड एप्प में 1,62,000 रुपयें लगा दिये थे, पैसे उसने अपने बहनोई व एक अन्य परिचित से लिये हुए। दिनांक 05.10.2024 को उसे उधार लिये हुए पैसे अपने बहनोई व परिचित को वापस करने थे जिस कारण उधारी के पैसे देने से बचने के लिये इस प्रकार की चोरी की झूठी कहानी बनाई थी।

संक्षिप्त विवरण- अवगत कराना है दिनांक 4/5.10.2024 की रात्रि प्रार्थी अमरपाल सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह ग्राम लुहारी खादर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा द्वारा थाना हसनपुर पर सूचना दी गयी कि प्रार्थी की अमर इलैक्ट्रोनिक्स नाम से दुकान अत्माराम कुण्ड के पास कस्बा हसनपुर में है। दिनांक 04/10/2024 को वह अपनी दुकान से अपने घर ग्राम लुहारी खादर अपनी मोटर साईकिल से जा रहा था, मोटर साईकिल में लगे बैग में थेले में एक लाख 90 हजार रूपयें थे, रास्ते में समय करीब रात्रि 8.30 बजे मलिक ईंट भट्टा से लगभग 100 मीटर पहले एक मोटर साईकिल से टक्कर

हो गयी जिस कारण वह सडक किनारे गड्ढे में गिर गया व मोटर साईकिल सडक किनारे गिर गई। गड्ढे से निकलकर जब अपनी मोटर साईकिल के पास आया तो आस पास कोई नही था तथा पैसों का थेला भी मोटरसाईकिल के बैग में नही था, इधर उधर काफी तलाश किया परन्तु नही मिला किसी अज्ञात चोर द्वारा पैसे चोरी कर लिये गये है। उक्त घटना के सम्बन्ध में थान हसनपुर पर मु0अ0सं0 522/24 धारा 303 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया।

***अभियुक्त*:-**

1. अमरपाल सिहँ पुत्र श्री जयपाल सिंह ग्राम लुहारी खादर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा।

PRO CELL AMROHA